*नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त*

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

## हिंदी विश्वविद्यालय के कथाकार राकेश मिश्र को कृष्ण प्रताप सिंह कथा सम्मान

वर्धा, 30 मार्च 2017: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में विकास एवं शांति अध्ययन विभाग के सहायक प्रोफेसर कथाकार राकेश मिश्र को 2016 का केदार स्मृति शोध संस्थान, बांदा की ओर से दिया जाने वाला 'कृष्ण प्रताप कथा' सम्मान उनका चर्चित कहानी संग्रह 'लाल बहादुर का इंजन' के लिए को घोषित किया गया है। यह सम्मान उन्हें आगामी 14 अप्रैल को रामानंद सरस्वती पुस्तकालय, जोकहरा, आज़मगढ़ में दिया जाएगा। पुरस्कार के निर्णय के प्रशस्ति पत्र में कहा गया है कि राकेश मिश्र अपनी कहानियों में पूर्व में घटित किसी घटना के विवरणों के आधार पर अपनी कहानियों की बुनावट नहीं करते। वें अपने आस पास की चीजों को जोड़ कर फिनिशिंग का काम भी नहीं करते, फिर भी इनकी कहानियों में अलग तरह का टटका पन है जो इन्हें समकालीन कथाकारों से अलग जगह पर बैठा रहा है। मिश्र का कहानी संग्रह 'लाल बहादुर का इंजन' 2014 में आधार प्रकाशन पंचकूला से प्रकाशित है। इसके पूर्व इस चर्चित कथा सम्मान से वंदना राग, मनीषा कुलश्रेष्ठ, गीतांजलि श्री, उर्मिला शिरीष और गीत चतुर्वेदी को पुरस्कृत किया जा चुका है। उक्त जानकारी केदार स्मृति शोध संस्थान, बांदा के सचिव नरेंद्र पुण्डरीक ने दी है।

